BSES
BSES Yamuna Power Limited
a joint venture with GONCTD

बीवाईपीएल की ओर से नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

संवाद

www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

जनवरी - 2021

मास्क + सोशल डिस्टेंसिंग (2 मीटर) + हाथ साफ करना = कोविड से बचाव

बीवाईपीएल ने सरकारी स्कूलों के छात्रों के लिए सौंपे 300 ई-टैबलेट्स

अपनी सीएसआर पहल के तहतए बीवाईपीएल ने दिल्ली के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री मनीष सिसोदिया को 300 ई–टैबलेट्स सौंपे। माननीय उपमुख्यमंत्री ने आगे ये ई–टैबलेट्स समाज के कमजोर तबकों से आने वाले, दिल्ली सरकार के स्कूलों के छात्रों के एक ग्रुप को सौंपे, ताकि कोविड के इस कठिन वक्त में वे अपनी ऑनलाइन कक्षाएं जारी रख सकें। दिल्ली सरकार के एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में ये ई–टैबलेट्स छात्रों को सौंपे गए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में प्रमुख थे बीआरपीएल और बीवाईपीएल के बोर्ड में डायरेक्टर श्री जसमीन शाह, बीवाईपीएल के सीईओ श्री पीआर कुमार, बीआरपीएल के सीईओ श्री अमल सिन्हा और दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग तथा बीएसईएस के सीनियर अधिकारी।

बीवाईपीएल ने सरकारी अस्पतालों के लिए सौंपी तीन एंबुलेंस

बीवाईपीएल ने अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत दिल्ली सरकार के माननीय स्वास्थ्य व ऊर्जा मंत्री श्री सत्येन्द्र जैन को तीन अत्याधुनिक एंबुलेंस सौंपी। बीवाईपीएल सीईओ श्री पी आर कुमार ने इन एंबुलेंसों की चाबियां दिल्ली सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में माननीय मंत्री को सौंपीं। माननीय मंत्री ने आगे ये एंबुलेंस तीन अस्पतालों – जीटीबी अस्पताल, जीबी पंत अस्पताल और लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल को सौंप दी। इस मौके पर दिल्ली सरकार और बीएसईएस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इनमें से दो एंबुलेंसों में एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट सिस्टम मौजूद है। उम्मीद है कि कोविड के खिलाफ लड़ाई में ये एंबुलेंस मददगार साबित होंगी।

कस्टमर केयर सेंटर पर जाने से पहले ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लें



बीवाईपीएल के कस्टमर केयर सेंटरों पर भीड़–भाड़ न हो और सोशल डिस्टेंसिंग मेंटेन रहे, इसलिए बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं से अनुरोध करती है कि वे अपॉइंटमेंट लेकर ही इन सेंटरों पर जाएं।

आप इन डिजिटल माध्यमों से अपॉइंटमेंट ले सकते हैं: बीवाईपीएल मोबाइल ऐप, बीवाईपीएल हेल्प लाइन (19122) और बीएसईएस वेबसाइट।

वैसे, बीवाईपीएल से संबंधित ज्यादातर कार्य आप डिजिटल तरीके से करवा सकते हैं। अधिकतर कार्यों के लिए आपको हमारे ऑफिसों में आने की जरूरत नहीं है।

अब सिर्फ 22,000* रुपये में सोलर पैनल लगवाएं

कम समय में ही बीवाईपीएल ने मध्य व पूर्व दिल्ली में 610 सोलर कनेक्शंस दे दिए हैं, जिसका कनेक्टेड सोलर लोड 25 मेगावॉट से भी अधिक है। सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं ने सोलर नेट मीटरिंग को सराहा है, जिनमें रेजिडेंशियल से लेकर सीजीएचएस तक के उपभोक्ता शामिल हैं। बिजली बिल में कमी लाने और पर्यावरण को बेहतर बनाने में अपना योगदान देने का यह एक आदर्श माध्यम है।

एमएनआरई फेज2 गाइडलाइन्स के तहत बहुप्रतीक्षित सोलर पीवी रूफटॉप स्कीम (दिल्ली सरकार के सहयोग से) अब उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध है। अब रेजिडेंशियल उपभोक्ताओं को सोलर रूफटॉप प्लांट लगाने के लिए 40 प्रतिशत तक की सब्सिडी मिल सकती है। अधिक जानकारी के लिए आप 19122 पर कॉल कर सकते हैं।

फीडबैक

अपने फीडबैक व सुझाव भेजें: कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय: शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–110032
सीआईएन: CIN:U40109DL2001PLC111525, फोन: 11-4124-7111/4124-9273
ईमेल: bypl.feedback@relianceada.com, वेबसाइट: www.bsesdelhi.com

मोबाइल ऐप, टोल फ्री और हेल्पलाइन नंबरों जैसे सुविधाजनक माध्यमों से बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराएं

Available on the App Store | Available on the Android Market

टॉल फ्री 24x7 19122

एसएमएस 5616108

बिजली चोरी संबंधी 8588892156

बिजली गुल की शिकायत 8745999808

स्ट्रीटलाइट 41999808

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032 के लिए फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122050 द्वारा मुद्रित